प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. हेमन्त सोरेन मंत्रिमंडल में हुआ विभागों का बंटवारा, मुख्यमंत्री के पास गृह कारा और प्रशासनिक विभाग, कांग्रेस को मिला वित्त् एवं राजस्व विभाग।
2. मंत्रिपरिषद के गठन के बाद 9 दिसंबर से शुरू होगा प्रथम विधानसभा सत्र, चार दिनों के सत्र को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष ने आज की अधिकारियों के साथ बैठक।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज नए मंत्रिपरिषद की हुई पहली बैठक, मंत्रियों को दिए गए कई दिशा निर्देश।
4. मौसम विभाग ने 8 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के कारण रांची समेत कई जिलों में जताई बारिश की संभावना।
5. झारखंड ने जीती 14वीं हॉकी इंडिया सब जुनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप, पुष्पा डांग को मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार।

***************

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस के राधाकृष्ण किशोर को वित्त विभाग, दीपिका पांड़ेय सिंह को ग्रामीण विकास विभाग, इरफान अंसारी को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग और शिल्पी नेहा तिर्की को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सौंपा गया है। वहीं झामुमो के दीपक बिरूआ को परिवहन विभाग, चमरा लिंडा को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, हफीजुल हसन को जल संसाधन विभाग, रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, सुदिव्य कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग और योगेंद्र प्रसाद को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिला है। इधर राजद के संजय प्रसाद यादव को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की कमान दी गयी है।

***************

मंत्रिपरिषद के गठन होने के बाद 09 दिसंबर से प्रथम विधानसभा सत्र शुरू होगा। चार दिवसीय सत्र 12 दिसंबर तक चलेगा। विधानसभा सत्र के सफल संचालन के लिए कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. स्टीफन मरांडी ने आज राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की।

सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी जाएगी। दूसरे दिन नए विधानसभाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। 11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण से सदन की कार्यवाही शुरू होगी। मौजूदा सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी सरकार का विश्वासमत हासिल करेंगे। इसके साथ वित्तीय वर्ष 2024–25 का द्वितीय अनुपूरक बजट भी पेश होगा। सत्र के अंतिम दिन पहली पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिपरिषद में विभागों के बंटवारे के बाद आज पहली बैठक हुई। बैठक में सभी मंत्रियों को अपने क्षेत्र में लंबित कार्यो और योजनाओ को जल्द पूरा करने का परामर्श दिया गया। इसके साथ ही भविष्य की योजनाओं और राजस्व बढ़ोत्तरी पर भी विशेष कार्या योजना बनाने निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सभी मंत्रियों को आप्त सचिव और निजी कर्मचारी रखते समय पृष्ठभूमि की जांच करने का भी सुझाव दिया गया। सभी मंत्रियों से सरकार का उचित पक्ष रखते हुए लंबित कोर्ट के मामलों की भी समीक्षा करने को कहा गया।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जरूरी दिशा निर्देश के विषय में बताया।

***************

सशस्त्र सेना झंडा दिवस की पूर्व संध्या पर आज सेना के एक पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और उन्हें सेना के झंडे वाला बैज लगाया। इस मौके पर राज्यपाल ने राष्ट्र की उत्कृष्ट सेवा के लिए सैनिकों का आभार जताया।

गौरतलब है कि हर वर्ष सात दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। यह परंपरा सन 1949 से निरंतर चली आ रही है।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक प्रथाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह कपड़ा उद्योग, हस्तशिल्प, पर्यटन के अवसरों और सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के अनूठे उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक असाधारण मंच के रूप में कार्य करेगा।

***************

भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए झारखंड समेत देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश और अन्य सांसद तथा प्रमुख नेता नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी है।

***************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि मेदिनीनगर बालिका गृह में बच्चियों के शोषण के मामले में बाल संरक्षण आयोग के अधिकारियों की भूमिका बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह घटना प्रशासनिक तंत्र की असफलता और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से इस मामले में न्यायिक जांच कराकर सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया है ताकि पीड़ित बच्चियों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

***************

हजारीबाग के जिला मत्स्य कार्यालय ने तिलैया जलाशय में मछली का जीरा संग्रह करने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता, आईएएस लोकेश बारंगे की उपस्थिति में कुल 8 लाख मछली के जीरे के संग्रह का कार्य किया गया। साथ ही सहायक समाहर्ता ने केज प्रणाली में मत्स्य पालन का भी निरीक्षण किया। जिला मत्स्य अधिकारी ने जानकारी दी कि इस पहल से न केवल मत्स्य कृषकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।

***************

सरायकेला खरसावां जिले में भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त अभियान चलाया जा रहा है।

***************

राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार आठ दिसंबर को रांची, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को भी बारिश की संभावना बनी रहेगी।

***************

14वीं हॉकी इंडिया सब जुनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश को हराकर झारखंड ने शानदार जीत दर्ज की है। तेलंगाना में आयोजित फाइनल मैच में झारखण्ड की टीम ने मध्यप्रदेश को एक–शून्य से हरा दिया। इस मैच में झारखंड की पुष्पा डांग को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। तेलंगाना सरकार ने चैंपियन झारखंड टीम को तीन लाख रुपए दे कर पुरस्कृत किया। इस जीत पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह सहित खेल विभाग और हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई दी।

******समाप्त******